

पाठ-बोध

प्रश्नों के उत्तर दें—

- **मौखिक** *(Oral)*
  - i) धोबी रोज़ गधे पर कपड़ों का बोझ लादकर नदी पर ले जाता था।
  - ii) गधे ने खुश होकर ढेंचू-ढेंचू करना शुरू किया।
  - iii) झाड़ी में शेर आराम कर रहा था।
  - iv) गधा अपनी आज़ादी को खोना नहीं चाहता था।
- **लिखित** *(Written)*
  - i) गधा रोज़ बोझा ढोते-ढोते और मार खाते-खाते तंग आ गया था।
  - ii) गधे की तेज़ आवाज़ से झाड़ी में सो रहे शेर की नींद खुल गई, जिससे वह नाराज़ हो गया।
  - iii) शेर को अपने पास देखकर गधे ने सोचा, अगर मरना ही है तो फिर क्यों न पेटभर घास खाकर ही मरूँ।
  - iv) राजा बनने के लिए गधे ने शेर को जानवरों की रक्षा करना सीखने के लिए कहा।
  - v) गधे की चतुराई से उसकी स्वयं की जान बची।

व्याकरण-बोध

1. समानार्थी शब्द चुनकर लिखें—

स्वतंत्र, स्वर, मुक्त, सरिता, केसरी, वनराज, कानन, तरीका, तटिनी, युक्ति, ध्वनि, वन

नदी	—	....सरिता....	....तटिनी....	शेर	—	....केसरी....	....वनराज....
आज़ाद	—	....स्वतंत्र....	....मुक्त....	जंगल	—	....कानन....	....वन....
आवाज़	—	....स्वर....	....ध्वनि....	उपाय	—	....तरीका....	....युक्ति....

2. वचन बदलें—

चीज़	—	....चीज़ें....	बात	—	....बातें....	गधा	—	....गधे....
कपड़ा	—	....कपड़े....	आवाज़	—	....आवाज़ें....	छलाँग	—	....छलाँगें....

3. उदाहरण के अनुसार शब्द बदलकर लिखें—

पिटना क्रिया से	—	....पिटाई....	....पिटते-पिटते....	रोना क्रिया से	—	....रुलाई....	....रोते-रोते....
देखना क्रिया से	—	....दिखाई....	....दिखते-दिखते....	पढ़ना क्रिया से	—	....पढ़ाई....	....पढ़ते-पढ़ते....
लिखना क्रिया से	—	....लिखाई....	....लिखते-लिखते....				

Scanned with CamScanner

4. **उचित सर्वनाम लिखकर वाक्य पूरे करें—**

तुम
मैं
तुम्हें
वह
उसने

i) गधे ने शेर से पूछा ····तुम···· कौन हो ?

ii) शेर ने कहा ····मैं···· इस जंगल का राजा हूँ।

iii) शेर ने बिगड़कर कहा, मैं ····तुम्हें···· कड़ी सज़ा दूँगा।

iv) गधे को धोबी दिखाई नहीं दे रहा था। ····वह···· आज़ाद हो चुका था।

v) गधा खुश हुआ तो ····उसने···· ढेंचू-ढेंचू करना शुरू कर दिया।

5. **इस पाठ में आपने पढ़ा—**

गधे की बोली — ढेंचू-ढेंचू शेर की बोली — दहाड़ना

- **पता करें और इन पंक्तियों का अपनी मातृभाषा में अनुवाद करें—**

हाथी की बोली — ····चिंघाड़ना····
कौए की बोली — ····काँव-काँव····
गाय की बोली — ····रँभाना····

घोड़े की बोली — ····हिनहिनाना (हिन-हिन)····
कोयल की बोली — ····कूकना···

Scanned with CamScanner